वीयू – विश्व मत्स्यकी दिवस का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में आज 21 नवंबर 2024 को विश्व मत्स्यकी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर के लोकप्रिय सांसद श्री आशीष दुबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने की, यह कार्यक्रम विश्व मत्स्यकी दिवस की इस वर्ष की थीम मत्स्य प्रबंधन में छोटे पैमाने की मछुआरों एवं किसानों की भूमिका को समझा एवं सराहा जा सके विषय पर आधारित था, विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी के निर्देशन एवं महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन के मार्गदर्शन एवं संयोजन में जबलपुर जिले के 45 मत्स्य पालकों को मछली से बनने वाले मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे फिश कटलेट एवं मछली का अचार बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, साथ ही महाविद्यालय में स्लोगन राइटिंग, रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथि का स्वागत श्री फल भेंट कर किया गया, अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने छात्रों एवं कृषक बंधुओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि मात्स्यकी वर्तमान परिदृश्य में पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है, एवं महत्वपूर्ण आहार के रूप में देखा जा रहा है, मछली में मिलने वाले ओमेगा 3 ओमेगा 6 फैटी एसिड के साथ साथ भरपूर प्रोटीन एवं विटामिन्स इसके महत्त्व को कई गुना बढ़ा देते हैं, उपर्युक्त आहार का यह सबसे अच्छा स्रोत है जिसके माध्यम से विश्व स्तर पर व्याप्त कुपोषण की दर को तेज़ी से घटाया जा सकता है, साथ ही बड़े पैमाने पर मात्स्यकी का उत्पादन

देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करेगा, मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित सांसद श्री आशीष दुबे जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु किसानों की आय को दोगुना करने हेतु मत्स्य पालन एक बेहतर विकल्प

है, एवं वर्तमान में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के माध्यम से भी लगातार मत्स्य कृषक बंधु बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं, हमें समेकित कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के साथ इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करते रहना चाहिए ताकि देश की अर्थव्यवस्था को बल दिया जा सके, अधिष्ठाता डॉ. महाजन ने वर्तमान में तथा भविष्य में कृषकों के तथा छात्राओं हेतु किए जाने वाले कार्यों का संक्षिप्त परिचय दिया तथा सभी उपस्थित अतिथियों एवं कृषकगण का आभार जताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री धीरज पटेल, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ जी.पी. लखानी, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक, संपदा अधिकारी डॉ. एस. कारमोरे, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ माधुरी शर्मा, डॉ सोना दुबे, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रियंका गौतम, सत्येंद्र कटारा, अनिल केवट, प्रतीक तिवारी, पत्रकार बंधु, छात्र–छात्राएं एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे, स्लोगन, पोस्टर, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता में क्रमशः आदित्य प्रताप सिंह, सृष्टि जोसेफ, प्रबल अवस्थी एवं पायल प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं कृषक बंधुओं को मत्स्य बीज वितरण मंचासीन अतिथियां द्वारा किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्मचारी गण एवं छात्रों का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. सोना दुबे ने तैयार की, एवं मंच संचालन प्रतीक तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर